प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान –एसएसएलवी–डी3 से कुछ उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह यान 175 किलोग्राम वजन के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह– ईओएस–जीरो–8 और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर–जीरो के साथ रवाना हुआ। इसरो ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम तक के उपग्रह ले जाने के लिए इस प्रक्षेपण यान का विकास किया है। यह यान 34 मीटर लंबा और लगभग 119 टन वजन का है। इस पर लगभग 56 करोड़ रूपए की लागत आई है। इसरो के अनुसार इस प्रक्षेपण यान विकास परियोजना से भारतीय उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा उपग्रह प्रक्षेपण में मदद मिलेगी।

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दे रहा है। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने समाधि स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए याद किया जाता है। प्रधानमंत्री ने, नागरिकों का जीवन बेहतर बनाने में श्री वाजपेयी की भूमिका का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी श्री वाजपेयी को श्रद्धाजंलि अर्पित की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि श्री वाजपेयी का अटल व्यक्तित्व और विचार हमेशा प्रेरणा स्तंभ रहेंगे।

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में अनेक स्थानों पर बादल गरजने के साथ बारिश हुई है। अलवर, सीकर, करौली, कोटा, भीलवाड़ा, टोंक, जैसलमेर तथा बाड़मेर जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा, जयपुर, दौसा, बारां, नागौर, जोधपुर, बीकानेर, पाली तथा सवाईमाधोपुर जिले में कहीं कहीं अति भारी वर्षा हुई। इसके अलावा अजमेर और बूंदी जिले में कहीं कहीं अत्यंत भारी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 22 सेंटीमीटर बारिश बूंदी के हिंडोली में हुई। अजमेर के मांगलियावास मे 20 सेंटीमीटर, बीकानेर के कोलायत मगरा में 17, बारां के अटरू में 16, पाली के जैतारण में 15, जयपुर के जोबनेर में 12, दौसा के महुवा में 12, जोधपुर के झावर और सवाईमाधोपुर के बामनवास में 11–11 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग ने आज नागौर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, अजमेर और बीकानेर जिलों में कहीं–कहीं भारी और कहीं–कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। शेष भागों में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। कल से प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने की प्रबल संभावना है। 17 से 22 अगस्त के दौरान अधिकांश भागों में मौसम साफ रहेगा। विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगस्त के आखिरी सप्ताह में एक बार फिर भारी बारिश का दौर सक्रिय हो सकता है। इधर अजमेर के ब्यावर में बारिश और अतिवृष्टि की संभावनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर ने सभी निजी और सरकारी विद्यालयों में आज और कल 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया है। बीकानेर के खाजूवाला में बरसात के कारण कई निचले इलाकों मे पानी भर गया है। चांदमल जी बाग में दो–तीन फीट तक पानी भर गया है। इससे बाग की दीवार टूटने का खतरा बना हुआ है। श्रीरामसर इलाके में एक मकान ढह गया है। जैसलमेर के चांधन,

मोहनगढ और नाचना सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने से जलाशय पानी से लबालब हो गये है। सांचौर में रूक–रूक कर बरसात का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में भी सुबह से रूक–रूक कर बरसात हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक भेजे जा सकेंगे।